**ब्रिगेडियर दीपक गौड़एवंकमांडिंगआफिसरकर्नलशुभाशीष घोष ने एनसीसीकैडेट्स को दिया राष्ट्रसेवा, अनुशासन और नेतृत्व का संदेश**

धनबाद, 8 अगस्त 2026। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के परिसर में एनसीसीकैडेट्स के उत्साहवर्धन एवं उनमें राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, नेतृत्व तथा राष्ट्रसेवा की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक गरिमामयी एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय थल सेना के गौरव ब्रिगेडियर दीपक गौड़, GP CDR तथा 36 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंगऑफिसरकर्नलशुभाशीष घोष की गरिमामयी उपस्थिति रही।कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना दास, माननीय प्रेसिडेंट सरदार आर. एस. चहल, शिक्षकगण, सम्मानित अतिथिगण एवं बड़ी संख्या में एनसीसीकैडेट्स उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा गया कि वर्दी केवल पोशाक नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति समर्पण, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। सेना और एनसीसी युवाओं को देशहित में कार्य करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं।कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडियर दीपक गौड़ को महाविद्यालय के प्रेसिडेंट सरदार आर. एस. चहल द्वारा फुलकारी शॉल, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं 36 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंगऑफिसरकर्नलशुभाशीष घोष को प्राचार्या डॉ. रंजना दास द्वारा फुलकारी शॉल, स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया।अपने प्रेरक उद्बोधन में ब्रिगेडियर दीपक गौड़ ने एनसीसीकैडेट्स को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सीमा पर तैनात सैनिक देश की सुरक्षा के साथ-साथ अपने त्याग और समर्पण से पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। उनके संबोधन से कैडेट्स में विशेष उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।इसके पश्चात कर्नलशुभाशीष घोष ने एनसीसीकैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व, सेवा, चरित्र निर्माण और राष्ट्रनिर्माण की सशक्त पाठशाला है। उन्होंने कैडेट्स से एनसीसी प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त अनुभवों और अवसरों का सदुपयोग करते हुए अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने तथा समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में कैप्टन संजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। मंच संचालन डॉ.सोनू प्रसाद यादव के द्वारा किया गया।राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रो.इंचार्जभूदाकेंपसप्रो.दीपक कुमार, प्रो.अमरजीत सिंह,प्रो.डॉ.वर्षा सिंह, प्रो.संजय सिन्हा,प्रो.डॉ मीना मालखंडी, प्रो.साधना कुमारी सिंह,प्रो.पीयूष अग्रवाल,प्रो.अभिषेक कुमार,प्रो. एकता श्रीवास्तव,प्रो. मनीषा कुमारी,प्रो.विश्वनाथकिस्कु, प्रो. अंकितदिवाकरएवं अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित रहे।

# Picture Gallery















GURU NANAK COLLEGE
DHANBAD


DEEPAK GAUR

**Press Release**

दैनिक भास्कर धनबाद 09-08-2026

# एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्रसेवा, नेतृत्व व जिम्मेदारी का संदेश



धनबाद | हजारीबाग ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक गौड़ ने धनबाद में 36 झारखंड बटालियन एनसीसी के वार्षिक निरीक्षण के तहत जीएन कॉलेज और बटालियन मुख्यालय का दौरा किया। जीएन कॉलेज में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। ब्रिगेडियर ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। इसके बाद उन्होंने 36 झारखंड बटालियन एनसीसी में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाषिस घोष के साथ एएनओ, सीटीओ व कर्मियों के साथ प्रशिक्षण तथा प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने एसएसएलएनटी महिला कॉलेज का भी दौरा किया। युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व व जिम्मेदारी की भावना पर जोर दिया। मेजर अजय कुमार व जेसीओ शर्मेल सिंह मौजूद थे। मौके पर आशुतोष तिर्की, विष्णुदेव शाही, अखिलेश कुमार और प्रीति कुमारी मौजूद रहीं।

# गुरु नानक कालेज व झारखंड बटालियन एनसीसी का निरीक्षण

जासं, धनबाद: 36 झारखंड बटालियन एनसीसी के वार्षिक निरीक्षण के दौरान हजारीबाग ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक गौड़ ने शनिवार को गुरु नानक कालेज एवं 36 झारखंड बटालियन एनसीसी का निरीक्षण किया। जीएन कालेज पहुंचने पर एसोसिएट एनसीसी आफिसर कैप्टन संजय सिंह ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर एनसीसी गतिविधियों, कैडेट्स के प्रशिक्षण, अनुशासन और विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करने पर चर्चा हुई। ग्रुप कमांडर ने कैडेट्स के प्रशिक्षण एवं सर्वांगीण विकास पर जोर दिया, एनसीसी को युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। इसके बाद, ब्रिगेडियर गौड़ ने 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल सुभाषिस घोष सहित अन्य अधिकारियों से मुलाकात की।

# लक्ष्य तय कर परिश्रम करें : ब्रिगेडियर

**धनबाद, मुख्य संवाददाता।** एनसीसी ग्रुप कमांडर हजारीबाग ब्रिगेडियर दीपक गौड़ शनिवार को वार्षिक निरीक्षण के क्रम में धनबाद पहुंचे। 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद, गुरुनानक कॉलेज, एसएसएलएनटी महिला कॉलेज का भ्रमण किया। उन्होंने कैडेट्स को राष्ट्रसेवा, अनुशासन, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि सीमा पर तैनात सैनिक देश की सुरक्षा के साथ-साथ अपने त्याग और समर्पण से पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है।

युवाओं से अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया।ब्रिगेडियर ने

- **एनसीसी ग्रुप के ब्रिगेडियर दीपक गौड़ पहुंचे धनबाद ,36 झारखंड बटालियन, एसएसएलएनटी कॉलेज, जीएन कॉलेज का किया भ्रमण**



झारखंड बटालियन एनसीसी में ब्रिगेडियर दीपक गौड़ का स्वागत करते कैडेट्स।

36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल शुभाशीष घोष सहित एएनओ, सीटीओ एवं अन्य कर्मचारियों से मुलाकात की। निरीक्षण के दौरान विभिन्न संस्थानों से जुड़े एनसीसी पदाधिकारी आशुतोष तिर्की, बिष्णु देव साहिस, अखिलेश कुमार, प्रीति कुमारी, सूबेदार मेजर अजय कुमार, शर्मिल सिंह मौजूद थे।

वहीं एसएसएलएनटी कॉलेज में ब्रिगेडियर का स्वागत प्राचार्य डॉ शर्मिला रानी ने किया। उनके साथ 5 झारखंड बटालियन एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अनिमेष झा समेत अन्य मौजूद थे। गुरुनानक कॉलेज में मे प्राचार्य डॉ रंजना दास, कॉलेज अध्यक्ष आरएस चहल, कैप्टन संजय सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने स्वागत किया।

धनबाद, रविवार

**09.08.2026**

## सिटी बाइट्स



## एनसीसी के ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण

**धनबाद.** हजारीबाग के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपक गौड़ ने शनिवार को 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद का वार्षिक तथा गुरु नानक कॉलेज बटालियन का निरीक्षण किया. गुरु नानक कॉलेज में एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) कैप्टन संजय सिंह ने ग्रुप कमांडर का स्वागत किया. 36 झारखंड बटालियन में उन्होंने कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुभाषीष घोष सहित एएनओ, सीटीओ एवं अन्य कर्मचारियों से मुलाकात की. इस दौरान आशुतोष तिर्की, विष्णु देव साहिस, अखिलेश कुमार, प्रीति कुमारी आदि थे.